अग्निकाण्ड

जिला पंचायत अध्यक्ष की सक्रियता से टला बड़ा हादसा, कलेक्टर की चुप्पी और नगर पालिका पर उठे सवाल

# तिंदनी में आग का तांडव, खस्ताहाल दमकल ने बढ़ाई मुश्किलें



**नवभारत, पटेरा 22 अप्रैल।** तहसील पटेरा के ग्राम तिंदनी में भीषण आग ने ऐसा तांडव मचाया कि सैकड़ों एकड़ क्षेत्र इसके चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। आग की तेज लपटों ने ग्रामीणों के भूसे और लकड़ियों के ढेरों को जलाकर खाक कर दिया और धीरे-धीरे गांव की ओर बढ़ने लगीं, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

हैरानी की बात यह रही कि इतनी बड़ी घटना के दौरान प्रशासन पूरी तरह नदारद नजर आया। ग्रामीणों और स्थानीय मीडिया द्वारा कलेक्टर को लगातार फोन लगाए गए, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इससे लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला।

### प्रशासन की संवेदनशीलता पूरी तरह गायब

ग्रामीणों का कहना है कि आपदा की घड़ी में भी प्रशासन की संवेदनशीलता पूरी तरह गायब रही। स्थिति तब काबू में आई जब स्थानीय मीडिया ने जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल को सूचना दी। सूचना मिलते ही उनके प्रतिनिधि गौरव पटेल ने बिना देरी किए दमोह से फायर ब्रिगेड रवाना कराई।

### थाना प्रभारी की सक्रियता से पहुंची फायर ब्रिगेड

हंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेन्द्र उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे और सक्रियता दिखाते हुए हिंडोरिया से दमकल वाहन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संयुक्त प्रयासों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### पटेरा की फायर ब्रिगेड की क्लच प्लेट खराब

राहत कार्य के दौरान एक और चौंकाने वाली हकीकत सामने आई जब पटेरा से पहुंची फायर ब्रिगेड की क्लच प्लेट खराब हो गई। इस तकनीकी खामी के चलते शुरुआती प्रयासों में बाधा आई और हालात और बिगड़ सकते थे। यह स्थिति स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### संसाधनों की स्थिति पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

मौके पर पटेरा सीएमओ प्रेम सिंह चौहान भी पहुंचे, लेकिन इसे महज औपचारिकता के तौर पर देखा जा रहा है। आपातकालीन सेवाओं के संसाधनों की ऐसी बदहाल स्थिति ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। ग्रामीणों ने जहां जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि की तत्परता की सराहना की, वहीं प्रशासन की निष्क्रियता और संसाधनों की खस्ताहाल स्थिति को लेकर तीखी नाराजगी जताई।

### पूरा गांव आग की चपेट में आ सकता था

लोगों का कहना है कि यदि समय पर मदद नहीं पहुंचती, तो पूरा गांव आग की चपेट में आ सकता था। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है,बल्कि आपात सेवाओं की तैयारियों और जवाबदेही तय करने की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है।

# दिव्यांग दलित दूल्हे को घोड़े से उतारने वालों की तलाश तेज

▶ कांग्रेस भी मैदान में उतरी, दबंगों ने दूल्हे सहित परिवार की बेरहमी से की पिटाई



**नवभारत, हटा 22 अप्रैल।** जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजोरी पाठक गांव में सामाजिक कुरीतियों और दबंगई का एक खौफनाक चेहरा सामने आया है. यहां एक दिव्यांग दलित दूल्हे की रछवाई के दौरान लोधी समाज के दबंगों ने न केवल उसे घोड़े से नीचे उतार दिया, बल्कि लाठी-डंडों से उसकी और उसके परिवार की बेरहमी से पिटाई भी की.

मंगलवार शाम 23 वर्षीय दिव्यांग दूल्हा गोलू अहिरवार की बारात छतरपुर जिले के बक्सवाहा (बूढ़ी सेमरा) के लिए रवाना होनी थी. परंपरा के अनुसार जब दूल्हा घोड़े पर सवार होकर गांव के दिवाले (देव स्थान) के पास से गुजर रहा था, तभी गांव के दबंगों ने रास्ता रोक लिया.

### दिव्यांग दूल्हे को नीचे पटक दिया

शिकायत के अनुसार गुड्डू सिंह, कृष्णा, हाकम, पलटू, विश्वनाथ और बिच्छू लोधी सहित अन्य लोगों ने दूल्हे को जबरन घोड़े से उतारा और आरोपियों ने दिव्यांग दूल्हे को नीचे पटक कर लाठी-डंडों से पीटा. जब दूल्हे की बहन मनीषा और मां विद्या अहिरवार उसे बचाने आईं, तो उनके साथ भी मारपीट की गई. पीड़ित परिवार का आरोप है कि छीना-झपटी के दौरान बहन के सोने के जेवर भी गायब हो गए हैं.

### घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में तनाव व्याप्त है. घटना के तुरंत बाद डरा-सहमा पीड़ित परिवार बारात लेकर सीधे हटा थाना पहुंचा. थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने बताया कि फरियादी गरीबा अहिरवार की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट और मारपीट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है.

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष मानक पटेल मनु मिश्रा, प्रदीप पटेल और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधी योगेश गोलू सराफ दीपेश पटेरिया ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिलाया. स्थानीय लोगों के अनुसार, इस गांव में पहले भी दलितों की रछवाई को लेकर विवाद हो चुका है, जिसे भीम आर्मी के हस्तक्षेप के बाद सुलझाया गया था.

**इनका कहना है**

विगत कुछ दिनों से सामाजिक समरसता बिगाड़ने के प्रयासों साथ ही कल हटा में हुई घटना और सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की घटनाओं को रोकने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एनएएस के अंतर्गत कठोर कार्यवाही करने कलेक्टर को जल्द ही प्रतिवेदन भेजा जाएगा.

**श्रुतकीर्ति सोमवंशी**
**पुलिस अधीक्षक**

## एक नजर में



### वृद्धाश्रम में गन्ने के रस का वितरण किया

**दमोह।** महिला जैन मिलन नेमी नगर शाखा क्षेत्र क्रमांक 10 दमोह द्वारा आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर वृद्धाश्रम में गन्ने के रस का वितरण किया गया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके जैन, वरिष्ठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी व क्षेत्रीय संयोजक सुधीर जैन की उपस्थिति रही. इस दौरान हमारे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर आरके जैन ने अक्षय तृतीया का महत्व हमारे वृद्धाश्रम के सभी सदस्यों को बताया कि किस प्रकार आदिनाथ भगवान का अक्षय तृतीया के दिन प्रथम आहार हुआ था और इसी दिन से ही दान की परंपरा जैन समाज में प्रारंभ हुई थी. इसके बाद सभी ने वृद्ध आश्रम के सभी सदस्यों को गन्ने के रस का वितरण किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष डाली जैन, मंत्री दिशा जैन, प्रचार मंत्री बृजेश जैन के साथ ही शाखा संयोजिका रश्मि जैन, चंद्रप्रभा जैन, सविता, सीमा जैन, सुधा जैन, सीमा जैन, ज्योति जैन, पदमा जैन, राखी जैन आदि सदस्यों की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन दिशा जैन ने किया.

### भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का किया स्वागत

**नवभारत,पटेरा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम



टेलर के दमोह प्रवास के दौरान कुम्हारी मंडल के ग्राम कोटा में उनका भव्य व उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह लगभग 11 बजे जैसे ही श्री टेलर ग्राम कोटा पहुंचे,कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजे, आतिश बाजी और जयघोष के साथ उनका जोरदार स्वागत किया. पूरे गांव, विशेषकर बस स्टैंड क्षेत्र को स्वागत द्वार,बैनर और पोस्टरों से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल उपाध्यक्ष डॉ. सत्यम सिंह राजपूत ने किया.



### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास, हालत गंभीर

**नवभारत, दमोह 22 अप्रैल।** सिटी कोतवाली क्षेत्र दमोह रेल्वे स्टेशन के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को गले, हाथ की कलाई, पेट और अन्य जगह कटर चाकू मार कर आत्महत्या करने का प्रयास किया. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार,नाइट ड्यूटी रत महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान,एएसआई अलजार सिंह सहित मौके पर पुलिस बल पहुंचा और स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. यह घटना मंगलवार देर रात करीब 1 बजे के आसपास की बताई जा रही है. ड्यूटीरत डॉक्टर आशुतोष पटेल का कहना है कि युवक को भर्ती किया गया है, जिसका उपचार जारी है.



### महिला बाल विकास ने रोके बाल विवाह

**नवभारत,तेंदूखेडा।** जनपद के अंतर्गत विगत तीन चार दिनों में महिला बाल विकास विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी, कई ग्रामों में उम्र कम होने के बाबजूद लड़के लड़कियो की शादी हो रही है.जो शासन के नियमों के अनुरूप नही है और गलत है जिस पर महिला बाल विकास के अधिकरियों ने सूचनाओं की तस्दीक कर जानकारी सही होने पर कई ग्रामो में उम्र कम होने के बाबजूद हो रही शादियों को पुलिस के सहयोग से रुकवाकर उम्र पूरी होने पर ही शादी करने की हिदायत परिजनों को दी. मुख्य रूप से अठारह वर्ष से कम होने पर 3-4 शादी रुकवाई गई.

# अव्यवस्था पर सीएमएचओ को लगाई फटकार

▶ एसडीएम को निरीक्षण में स्वास्थ्य केन्द्र में मिली कई कमियां

**नवभारत, तेंदूखेडा।** नगर के स्वास्थ्य केन्द्र में महीनों से मची एफरा-तफरी और कर्मचारियों की मनमानी डॉक्टर को अनुपस्थित और गंदगी के साथ ही मरीजों की सही तरीके से देखभाल नहीं करना के साथ कई कमियां होने की सूचना सोमवार को नवभारत ने एसडीएम को दी थी।

एसडीएम मंगलवार को सुबह से ही स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचे और वहां पर फैली गंदगी, डॉक्टर और कर्मचारियों की अनुपस्थित सहित कई कमियां पाई. फोन पर सीएमएचओ को फटकार लगाकर अस्पताल में फैली गंदगी के फोटो



भेज कर लापरवाह डॉक्टर और कर्मचारीयों पर कार्यवाही करने के आदेश देने को कहा है.

# संवेदनशील प्रशासन ही जनता का विश्वास जीतता है : यादव

▶ जनसुनवाई में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**दमोह।** जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, जिम्मेदार और जनकेंद्रित बनाने पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की संवेदनशीलता और जनता का विश्वास ही उसकी वास्तविक विश्वसनीयता है। यदि लोगों को यह भरोसा नहीं होगा कि उन्हें यहां न्याय नहीं मिलेगा तो वे अपनी समस्याएं लेकर प्रशासन के पास क्यों आएंगे। छोटी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान आवश्य होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि कई छोटी-छोटी समस्याएं, जो ग्राम पंचायत, तहसील या अनुभाग स्तर पर ही सुलझाई जा सकती हैं,



वे अनावश्यक रूप से जिला स्तर तक पहुंच रही हैं।

**आवेदनों पर गंभीरता से विचार करें**-उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत, तहसील, अनुभाग स्तर के मामलों का समाधान उसी स्तर पर होना चाहिए, इससे आमजन का समय और अनावश्यक खर्च दोनों बचेंगे। उन्होने सभी अधिकारियों को आवेदनों पर गंभीरता से विचार करने और समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना है।

**नगरीय निकायों को कैंप लगाने के निर्देश दिए**-उन्होंने राजस्व और नगरीय निकायों को कैंप लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा टीएल. बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही राजस्व अधिकारियों और नगरीय निकायों को अपने-अपने स्तर पर कैंप लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि लोगों को जिला मुख्यालय तक भटकना नहीं पड़े।



# पुलिस ने 350 पाव देशी शराब जब्त की

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया तथा एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है.

उक्त अभियान के तारतम्य में थाना हिण्डोरिया द्वारा अवैध शराब के विरूध्द मुखबिर सक्रिय किये गये थे. थाना हिण्डोरिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कादीपुर-लुहर्रा तरफसे एक बाइक जिस पर अवैध शराब आ रही है. सूचना पर ग्वारी खेर माता मंदिर के पास उक्त बाइक रोककर अवैध शराब परिवहन के संबंध में अमित ठाकुर से पूछताछ की गई.

**आरोपी ग्राम महंतपुर ले जा रहा था शराब**- पूछताछ में अमित ठाकुर ने बताया कि उक्त शराब गौरव ठाकुर के साथ बिना नंबर की काले रंग की मोटरसाईकिल से ग्राम महंतपुर थाना दमोह देहात तक ले जा रहा था। उसने बताया कि महंतपुर में शासकीय शराब दुकान मुड़िया थाना दमोह देहात के गद्दीदार द्वारा उक्त शराब दी गई. आरोपी अमित व गौरव ठाकुर के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी से अवैध देशी शराब के 350 पाव, 63 लीटर कीमती 36500 रू. व अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की काले रंग की होण्डा शाइन मोटर साईकिल जब्त की गई.

### पप्पू रजक की संदिग्ध मौत पर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दमोह।** जिला अस्पताल में सोमवार देर रात एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. मृतक के भाई ने बताया कि बरा चौकी थाना बंडा जिला सागर से भाई को गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाए थे. जहां डॉक्टर ने पप्पू रजक को मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने हत्या के आरोप लगाने के बाद बंडा और दमोह पुलिस अलर्ट हुई और करवाई शुरू की. जहां तत्परता से दमोह पुलिस और बरा चौकी थाना बंडा की पुलिस जांच में जुटी हुई है. आरोपी राहुल रजक को पुलिस ने तत्परता से जानकारी मिलते ही अभिरक्षा में लिया है. थाना प्रभारी बंडा अंजली उदेनिया और बरा चौकी एएसआई सुनील धुर्वे और दमोह कोतवाली से एएसआई अलजार सिंह, प्रधान आरक्षक शिवनारायण यादव ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया है।

# विधिवत कनेक्शन लेकर ही चार्जिंग करें : महतो

▶ जबेरा में ई-वाहनों की चार्जिंग पर सख्ती

**नवभारत, जबेरा 22 अप्रैल।** जबेरा क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विद्युत विभाग द्वारा ई-वाहनों की चार्जिंग व्यवस्था की सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत कनिष्ठ अभियंता एमके महतो अपनी टीम के साथ विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर ई-रिक्शा, ई-स्कूटी व अन्य ई-वाहनों के चार्जिंग पॉइंट्स का निरीक्षण कर रहे हैं. जांच के दौरान यह सामने आया कि जबेरा क्षेत्र में लगभग 150 से अधिक ई-वाहन ऐसे हैं, जो बिना वैध विद्युत कनेक्शन के घरेलू कनेक्शन का उपयोग कर चार्जिंग कर रहे हैं. विभाग की टीम द्वारा ऐसे वाहन संचालकों को वैध कनेक्शन लेने के लिए समझाइश दी जा रही है. कार्रवाई करते हुए टीम ने तीन लोगों के खिलाफ अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन का उपयोग करने पर प्रकरण दर्ज किया है.

**क्षेत्र में मचा हड़कम्प**-कनिष्ठ अभियंता एमके महतो ने बताया कि सभी ई-वाहन उपयोगकर्ताओं को विद्युत विभाग से विधिवत कनेक्शन लेकर ही चार्जिंग करनी चाहिए. यदि कोई भी व्यक्ति अवैध या घरेलू कनेक्शन से चार्जिंग करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोगों को नियमों का पालन करने के लिए सतर्क किया जा रहे है.

आयोजन

युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का किया गया ऐतिहासिक स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह, सरपंचों से किया संवाद

# भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त शक्ति है : श्याम टेलर





**नवभारत, दमोह 22 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के दमोह आगमन पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया.

जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष जिले की सीमा में प्रवेश किया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन व उनकी टीम ने पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया. प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए लंबा काफि ला उनके साथ रहा, जो कुंडलपुर, कोटा, पटेरा, हिंडोरिया, समन्ना नाका, धरमपुर, गढ़ी मोहल्ला, पुराना थाना, टॉकीज चौराहा,सराफा बाजार, बकौली, नगर पालिका गेट व अस्पताल चौराहे सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरा.

### कार्यकर्ताओं ने की पुष्पवर्षा

मार्ग में जगह-जगह कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने पुष्पवर्षा, पुष्पहार व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया. घंटाघर पर महात्मा गांधी और अस्पताल चौराहा स्थित अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण तथा नमन कर उन्हें याद किया. जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे व जिला पदाधिकारियों ने भी प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया.

### 40 गांवों के सरपंच रहे उपस्थित

इसके पश्चात जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष व अन्य अतिथियों का पुष्पहार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया. जिले के लगभग 40 गांवों से पधारे सरपंचों से प्रदेश अध्यक्ष ने संवाद कर जमीनी स्तर पर संचालित शासन-प्रशासन की योजनाओं की प्रगति व उनके प्रभाव की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### राष्ट्रहित में कर रहे हैं कार्य

प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त शक्ति है.आज देश का युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहा है. युवा मोर्चा के कार्यकर्ता समाज के हर क्षेत्र में सक्रिय रहकर राष्ट्रहित में कार्य कर रहे हैं.

### युवाओं ने जेसीबी से की पुष्पवर्षा

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के दमोह आगमन पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. स्थानीय टॉकीज तिराहा पर युवा कार्यकर्ता हरी रजक व उनकी टीम द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य व अनोखे अंदाज में स्वागत किया गया.

### पुराना थाना दमोह में किया गया स्वागत

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर अपने संगठनात्मक प्रवास पर दमोह पधारे, जहां स्थानीय पुराना थाना दमोह पर जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन के मार्गदर्शन में युवा भाजपा नेता कृष्णा पटैल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत और अभिनंदन किया.